हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 23 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 जिले के समग्र विकास में अधिकारी-कर्मी निभाएं...
10 सामाजिक बहिष्कार करने वालों ने आयोग के...







2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in

# जिले के 87 श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए अयोध्याधाम

## बस्तर सांसद और जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राज्य शासन की श्री रामलला दर्शन योजनान्तर्गत जिले के 87 श्रद्धालु बुधवार को श्री रामलला दर्शन के लिए जय श्रीराम उद्घोष के साथ अयोध्याधाम रवाना किया गया। इस मौके पर बस्तर सांसद महेश कश्यप और अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय टाऊन हॉल परिसर में हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं के बस को रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को पुष्प भेंटकर उन्हें श्री रामलला दर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर सांसद कश्यप ने सभी श्रद्धालुओं को सकुशल यात्रा की बधाई देते हुए कोई भी दिक्कत होने पर अपने सहयोगी एवं कर्मचारियों से तुरंत सम्पर्क करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में चार आश्रम का पालन किया जाता है, सबका साथ, सबका विकास के साथ बस्तर की जनता को धार्मिक स्थल का भ्रमण करवाने की योजना संचालित कर लाभ दिया है। भगवान राम का नाता छत्तीसगढ़ से रहा है, हमारा राज्य तो उनका ननिहाल है और वनवास के दौरान लगभग 12 साल हमारे दण्डकारण्य में गुजारे हैं। इस रामलला दर्शन योजना से सरकार ने आमजनों को भगवान राम से जोड़ने की पहल की इसके लिए आभार। इस दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस योजनान्तर्गत 87 श्रद्धालुओं को लाभान्वित किया जा रहा है। इन सभी का स्वास्थ्य रिकार्ड पहले ही लिया गया है और यात्रा के पूर्व भी स्वास्थ्य जांच किया गया है।

### सहयोगी व कर्मचारियों भी साथ जा रहे

इन श्रद्धालुओं के साथ उनके सहयोगी भी जा रहे हैं, साथ ही प्रशासन द्वारा समुचित देखभाल के लिए कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाई गई है। जिले के इन श्रद्धालुओं का जत्था बस्तर एवं दुर्ग संभाग के श्रद्धालुओं के साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन के जरिए सीधे अयोध्य धाम प्रस्थान करेगा।





### ये रहे उपस्थित

टाऊन हॉल में श्रद्धालुओं को रवाना करने के अवसर पर पार्षद संतोष पांडेय, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत के उप संचालक बीरेन्द्र बहादुर तथा अन्य अधिकारी और श्रद्धालुओं के परिजन एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### वायुमण्डल में बना निम्न दाब का केंद्र, आज होगी बारिश

**जगदलपुर।** वायुमंडल में निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बांग्लादेश और उसके आसपास स्थित है। साथ ही ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 9.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, औराई, सीधी, गया में निम्न दाब का केंद्र और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। साथ ही ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास 24 अगस्त को बनने की संभावना है। सिस्टम के चलते प्रदेश में शुक्रवार को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमण्डल में बने सिस्टम के चलते प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। अगले तीन से चार दिनों तक वर्षा की गतिविधि सामान्य बने रहेगी।

### कलेक्टर ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बीजापुर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन योजनान्तर्गत जिले के राम भक्त श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। राम भक्तों के बस को कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रामलला दर्शन योजना का उत्साह जिले के अंतिम छोर तक पहुंची जिसके परिणाम स्वरुप पामेड़ के भक्तों ने भी अयोध्या जाकर प्रभु श्रीरामलला के दर्शन के लिए इच्छा जाहिर की और बताया कि हम प्रभु श्रीराम से मिलने बहुत उत्साहित है। इसी तरह अन्य भक्तों में भी अपने अराध्य देव रामलला के दर्शन की उत्सुकता देखने को मिला। कलेक्टर ने सभी राम भक्तों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सफलता: एसपी दफ्तर में बिना हथियार के समर्पण कर मुख्यधारा में हुए शामिल

# एक लाख के इनामी सीएनएम अध्यक्ष समेत दो ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सुकमा जिले में चलाए जा रहे नक्सलवाद उन्मूलन, पुनर्वास नीति व नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर एक लाख के इनामी समेत दो नक्सलियों ने एसपी दफ्तर में अधिकारियों के समक्ष बिना हथियार के समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधा दी जाएगी।

- शासन के नक्सलवाद उन्मूलन व पुनर्वास नीति के तहत मिलेगी सहायता राशि व सुविधा

सुकमा जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ आंनद सिंह राजपुरोहित के मार्गदर्शन व एसपी किरण चव्हाण, सीआरपीएफ कमाण्डेंट पुष्पेन्द्र कुमार, नवीन कुमार के निर्देश में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान व अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव के चलते नक्सल संगठन में शामिल नक्सलियों द्वारा लगातार समर्पण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नक्सली संगठन में सक्रिय एक लाख के इनामी सुरपनगुड़ा आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष कुहराम बण्डी 40 वर्ष निवासी सिमलीपेन्टा सरपंचपारा थाना चिंतलनार व गामापाड़ पंचायत डीएकेएमएस सदस्य माड़वी कोसा निवासी गामापाड़ थाना मराईगुडापारा ने गुरूवार को एसपी कार्यालय में निरीक्षक अरविंद पटेल 206 वाहिनी कोबरा, निरीक्षक अविलाष टण्डन प्रभारी डीआरजी सुकमा व निरीक्षक सुजीत कुमार 223 वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के समर्पण कर दिया। दोनों नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित करने में 223 वाहिनी सीआरपीएफ, 206 कोबरा वाहिनी व थाना एर्राबोर की अहम भूमिका रही।



### मिलेगी सुविधाएं व सहायता राशि

दोनों समर्पित नक्सलियों को शासन की छग नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। एसपी किरण चव्हाण ने भटके हुए युवाओं से समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि नक्सलियों की खोखली विचारधारा व स्थानीय नक्सलियों के साथ बाहरी नक्सलियिों द्वारा प्रताड़ित व दुर्व्यवहार किया जा रहा है। यही वजह है कि नक्सल संगठन में शामिल सदस्य लगातार समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।



### घर वापस आईये अभियान में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़।** जिले में चलाए जा रहे घर वापस आईये अभियान से प्रभावित होकर 3 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण किया है। नक्सली गंगालूर, भैरमगढ़ एवं कटेकल्याण एरिया कमेटी में सक्रिय थे। आज गंगालूर, भैरमगढ़ एवं कटेकल्याण एरिया कमेटी अन्तर्गत गंगालूर एरिया मेडिकल टीम पार्टी सदस्य सुरेश माड़वी पिता स्व. सन्नू माड़वी उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी हुरेपाल हण्ड्रीपाल पारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, फुलगट्टा पंचायत जनताना सरकार सदस्य ग्राम दोरार्गुड़ा पंच कमेटी अध्यक्ष बचलू भोगाम पिता ▶▶ शेष पेज 10 पर

## प्रधानमंत्री से रूबरू होकर लौटे

# भैरमगढ़ के दो विद्यार्थियों ने अनुभव किया साझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

गुजरात के वडनगर में आयोजित प्रेरणा कार्यक्रम में शामिल हुए बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के निकिता और महेश ने कलेक्टर अनुराग पाण्डेय से मिलकर प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। प्रेरणा कार्यक्रम के माध्यम से दिल्ली के लाल किला में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों का चयन हुआ था। विद्यार्थियों का प्रेरणा कार्यक्रम एवं स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विद्यार्थी जीवन में शिक्षा ग्रहण किये वडनगर के स्कूल में आयोजित हुआ। जहां देश की संस्कृति सभ्यता के बारे में कार्यक्रम आयोजित था। भारत के विभिन्न राज्यों से विद्यार्थी कार्यक्रम में पहुंचे थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विविधता में एकता, करुणा, सेवा जैसे विषयों पर आधारित था। प्रत्येक दिन अलग-अलग राज्यों के प्रसिद्ध पकवान बनाए जाते थे। इसी के तहत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली के लाल किला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। जहां ▶▶ शेष पेज 10 पर

- कलेक्टर ने बच्चों का किया उत्साहवर्धन

# चलित प्रयोगशाला से 2 सड़कों की हुई जांच, लिए निर्माण सामग्री के सैम्पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग के परिक्षेत्र परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला परिक्षेत्र के चलित प्रयोगशाला की ओर से बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले के दो सड़कों के गुणवत्ता की जांच की। प्रयोगशाला टीम ने बीटी कोर, बीएम और एमएसएस के सैम्पल लिया, साथ ही सड़क निर्माण कार्य में कमी नहीं मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडब्ल्यूडी के चलित प्रयोगशाला वेन की टीम ने कोंडागांव संभाग के मालगुजारपारा से छोटे बनजोड़ा सड़क निर्माण, मर्दापाल उपतहसील से छोटे कुरूषपाल तक मार्ग निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान बीटी कोर, बीएम और एमएसएस सैम्पल लिया मोटाई मानक अनुरूप पाए गए। बताया जा रहा है कि नारायणपुर-सोनपुर, छोटे डोंगर-ओरछा, बीजापुर-आवापल्ली-बासागुड़ा, चिंतलनार से मारीगुड़ा, भेज्जी से चिंतागुफा, दोरनापाल-चिंतलनार-जगरगुंडा मार्ग में सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य, पुल, पुलियों का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, वर्तमान में बारिश के चलते कार्य रोक दिया गया है।



### गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने सातों जिलों के कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को ऐसी रही कि ग्रामीणों का आवागमन कर सकें।

## पैसेंजर व नाइट एक्सप्रेस का परिचालन होगा दंतेवाड़ा तक



**जगदलपुर।** बारिश का असर केके रेललाइन पर एक बार फिर देखा जा रहा है। यही कारण है कि पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस जो विशाखापटनम से किरन्दुल प्रतिदिन आना-जाना करते है अब 29 अगस्त तक दोनों ट्रेनें किरन्दुल की बजाय दंतेवाड़ा तक ही परिचालित होगी।

इस आशय का आदेश विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय ने जारी करते दोनों ट्रेनों का परिचालन किरन्दुल नहीं करने का उल्लेख किया है। यात्री ट्रेनों के शेड्यूल में किये गए परिवर्तन के मुताबिक नाइट एक्सप्रेस और पैसेंजर दंतेवाड़ा तक चलेगी। जबकि इस दौरान दंतेवाड़ा से किरंदुल के बीच यात्री रेल सुविधा रद्द रहेगी। किरंदुल कोत्तावालासा रेल लाइन के किरंदुल रेलखंड में दंतेवाड़ा-किरंदुल के बीच यात्री ट्रेनों का संचालन रदद रहेगा। 29 अगस्त तक किरंदुल-विशाखापटनम पैसेंजर स्पेशल और नाइट एक्सप्रेस दंतेवाड़ा से ही लौटेंगी। एक अगस्त से दोनों गाड़ियां दंतेवाड़ा से आगे नहीं ▶▶ शेष पेज 10 पर

# मां की चीख सुनकर बेटे ने सांप को मारा, डसने से उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

देर रात घर में सो रहे परिवार के सदस्यों के उपर से करैत सर्प गुजरने के बाद 14 साल के बेटे ने सांप को मार डाला। लेकिन मरने से पहले सर्प ने बेटे को डस लिया। गंभीर हालत में उसे डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

- सोने के दौरान हुआ हादसा, करैत सर्प ने मासूम बेटे को डसा
- डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में कराया गया था भर्ती

जानकारी के मुताबिक कोंडागांव निवासी मानसाय के घर पर सोने के दौरान करैत सर्प उसकी पत्नी के उपर से गुजरा जिसे देखकर मां ने उसे दूर फेंक दिया। इसी दौरान उसकी चीख सुनकर पास ही सो रहे बेटे किरण ने सांप को डंडे से मार डाला। मरने से पूर्व सर्प ने किरण को दंश मार दिया। कोंडागांव जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए रेफर कराया गया था लेकिन उपचार के दौरान गुरूवार सुबह उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी देते हुए पिता मानसाय ने बताया कि शुक्रवार रात पूरा परिवार खाना खाकर सो रहे था। इस दौरान करैत सांप मानसाय की पत्नी कतोंबाई के उपर से गुजरा। उसने नींद में सांप को पकड़ कर फेंक दिया और घबराहट में चिल्लाने लगी। उसकी चीख सुनकर पास के कमरे में सो रहा किरण 14 वर्षीय हाथ में डंडा लेकर कमरे में आया और सांप को मार दिया। सर्प को मारने के बाद वह पुनः सोने चला गया। इसके बाद अचानक उसका शरीर नीला पड़ने लगा। पिता मानसाय ने बच्चे के शरीर ▶▶ शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

# कोंटा के पूर्व टीआई और भाजपा नेता के कॉल डिटेल की जांच हो : मरकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

दक्षिण बस्तर के चार पत्रकारों को गांजा प्रकरण में फंसा कर जेल भेजे जाने के मामले में राजमेंद्री के जेल में बंद पत्रकारों से मिलकर घटना की जानकारी लेने और कोंटा पहुंचकर मामले की पड़ताल करने के बाद कांग्रेस जांच दल के प्रमुख पूर्व मंत्री मोहन मरकाम तथा सदस्य विधायक कवासी लखमा ने पत्रवार्ता में सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने कोंटा के पूर्व टीआई अजय सोनकर और भाजपा नेता के कॉल डिटेल की जांच की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के संरक्षण में रेत और खनिज सम्पदा का अवैध उत्खनन व परिवहन दूसरे प्रांतों में किया जा रहा है। जिसको उजागर करने के कारण इन पत्रकारों को षड़यंत्र पूर्वक फंसाया गया।



- कांग्रेस जांच दल ने जेल में बंद पत्रकारों से मिलकर ली जानकारी
- सोची समझी साजिश के तहत फंसाया गया

शहर के एक होटल में गुरुवार को पत्रवार्ता में उन्होंने कहा कि टीआई को छोटी-छोटी धारा लगाकर निलंबित कर दिया गया, लेकिन राज्य सरकार बड़े नेताओं को बचा रही है। जांच दल ने रेत का अवैध उत्खनन होने वाले ग्राम के सरपंच का भी बयान लिया है। जांच में यह सामने आया है कि पत्रकारों को साजिश के तहत फंसाया गया है, क्योंकि वहां हजारों ट्रक रेत ▶▶ शेष पेज 10 पर

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
Our Experience • Your Trust
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
26 एवं 28 अगस्त 2024 को जगदलपुर में
छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस.एस. मोहंती
MD, DM (Cardiology)
स्थानः- एम.पी.एम हॉस्पिटल, जगदलपुर (छ.ग.)
दिनांक 26.08.2024, समय : दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दिनांक 28.08.2024, समय : सुबह 9.30 बजे से 10:30 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
RAILWAY, CSEB, ESIC,CRPF से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:-
9993309922/8120991117/8109229030
Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road,
Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9238175001 / 9238175002
www.smchospital.in
#Rajesh

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब का परिवहन देसी व अंग्रेजी मदिरा जब्त

**कोण्डागांव।** कोतवाली पुलिस ने बाइक से अवैध शराब परिवहन करने वाले ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से देसी व अंग्रेजी मदिरा बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि भोलाराम पोयाम बाइक से अवैध शराब लेकर बिक्री करने जा रहा है। जिसकी सूचना पर थाना स्टाफ एवं साइबर टीम द्वारा ग्राम चिपावंड के पास घेराबंदी कर मुखबिर के बताएं अनुसार गाड़ी को रोककर चेक किया गया। जिसमे संदेही भोलाराम पोयाम के कब्जे से रॉयल स्टेज का 11 पव्वा, फ्रंट लाइन का 01 पव्वा, हंटर बीयर का 03 बॉटल,किंग फिशर केन बीयर 04 नग, हंटर केन बीयर 04 नग जुमला 8.110 लीटर अंग्रेजी शराब मिली। अवैध शराब व बाइक को जब्त कर आरोपी भोलाराम पोयाम पिता घुड़ऊ राम पोयम उम्र 22 वर्ष निवासी पलाट पारा मुलमुला थाना कोंडागांव के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। सम्पूर्ण विवेचना में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सउनि. गणपत कश्यप, सउनि दिनेश डहरिया, प्र.आर. 90 नरेंद्र देहारी, प्र. आर. अजय बघेल, आर. 596 सुखी राम राजपूत एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



### हलषष्ठी 24 एवं कृष्ण जन्माष्टमी 26 को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि इस वर्ष 24 अगस्त को हलषष्ठी एवं 26 अगस्त सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जायेगी। विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष पं. अशोक कुमार शास्त्री, पं. होमन शास्त्री, पं. महेश शास्त्री, पं संतोष तिवारी, पं बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि यह निर्णय देव पंचांग के अनुसार लिया गया है। परिषद ने अपील की है कि दी गई तिथियों के अनुसार इस पर्व को मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर भ्रमित न हो। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी है।

### जिला अंडर-23 एवं सीनियर क्रिकेट टीम का ट्रायल 25 को

**धमतरी।** जिला अंडर-23 एवं सीनियर क्रिकेट टीम का ट्रायल 25 अगस्त रविवार को प्रातः 11 बजे से पीजी कालेज क्रिकेट स्टेडियम जोधापुर में रखा गया है। सकुश गुप्ता सहसचिव धमतरी जिला क्रिकेट संघ ने बताया कि अंडर-23 के लिये कट आफ डेट 1 सितंबर 2002 से 31 अगस्त 2006 है। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को डिजिटल, मैनुअल जन्म प्रमाणपत्र, पीवीसी आधारकार्ड, जिले का मूल निवास प्रमाण-पत्र तथा वर्तमान का पासपोर्ट साईज कलर फोटो लाना अनिवार्य है।

### निषाद समाज का चुनाव 1 सितंबर को

**धमतरी।** निषाद समाज जिला संगठन का चुनाव 1 सितंबर रविवार को अंगारमोती रुद्रेश्वर निषाद समाज भवन दानीटोला धमतरी में होगा। चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक सोरम में आयोजित की गई जिसमें सिहावा, जोरातराई, रामपुर, सिलतरा, नारी, बुड़ेनी, डोंगापथरा, परखंदा के अध्यक्ष के साथ पदाधिकारी पहुंचे थे।

# हिर्री हाईस्कूल के 8 शिक्षकों में से दो अटैच, चार नदारद, 2 गुरुजी के भरोसे 70 विद्यार्थी

## परिजनों का आरोप बच्चों को नहीं मिल रही समुचित शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

कोंडागांव जिले के फरसगांव क्षेत्र की ग्राम पंचायत हिर्री में स्थित हाईस्कूल में शिक्षकों के नदारत रहने का मामला प्रकाश में आया है। विद्यार्थियों के परिजन धनेश्वर बैध ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल में शिक्षकों का अभाव है। स्कूल से अक्सर शिक्षक नदारद रहते हैं, जिसके चलते विद्यार्थियों को ठीक से शिक्षा नहीं मिल रही है। ऐसे में इन विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में दिख रहा है।

वही शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भुवनलाल सार्दुल का कहना है कि हिर्री के हाईस्कूल में कुल 8 शिक्षक पदस्थ हैं। जिनमें से 2 शिक्षक को अन्य जगह अटैच किया गया है। बाकी 6 शिक्षकों के भरोसे स्कूल चल रहा है। इन 6 शिक्षकों में से अक्सर कोई न कोई किसी न किसी बहाने से स्कूल से नदारद रहते हैं। पालकों को कहना है कि ऐसे में विद्यार्थियों को पर्याप्त शिक्षा नहीं मिल पा रही है। गुरुवार को परिजनों ने स्कूल में जाकर देखा तो स्कूल के 6 शिक्षकों में से 2 ही स्कूल में थे। रजिस्टर चेक करने पर उपस्थिति पंजी में मात्र एक शिक्षक के हस्ताक्षर मिले, बाकी खाली थे। स्कूल में शिक्षकों के नदारद रहने की जानकारी फरसगांव उप खण्डशिक्षा अधिकारी को दी गई। वे जांच के लिए तत्काल स्कूल पहुंचे। जहां रजिस्टर चेक करने पर पाया गया की बाकी शिक्षक अवकाश पर हैं। लेकिन अवकाश सबंधित किसी तरह का आवेदन स्कूल में नहीं छोड़ा गया है।




### शिक्षक समय पर स्कूल आएं, अटैचमेंट को खत्म करें

सूचना पर फरसगांव एबीईओ हंसराज सिन्हा ने कहा की हिर्री स्कूल में 4 शिक्षकों के नदारद रहने की सूचना मिली थी। सूचना पर तत्काल जांच के लिए स्कूल पहुंचे। जहां जानकारी मिली कि स्कूल के 4 शिक्षक अवकाश पर हैं। शिक्षकों द्वारा अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया गया है। स्कूल में किसी प्रकार आवेदन उनके द्वारा नहीं छोड़ा गया है। परिजनों ने कहा कि शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते हैं। ज्यादातर शिक्षक स्कूल से नदारद रहते हैं। जिससे स्कूल में पढ़ाई नहीं हो पा रही है। परिजनों ने मांग की है कि सभी शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे। साथ ही अटैच शिक्षक अरुण कुमार नेताम और सरिता मंडावी को स्कूल में वापस बुलाया जाए। ताकि सभी बच्चों को पूरी शिक्षा मिल सके।

**बैठक:** वाणिज्य, उद्योग तथा प्रभारी मंत्री लखनलाल ने की विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा

# जिले के समग्र विकास में अधिकारी-कर्मी निभाएं समन्वित भूमिका: केंद्रीय राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिले के प्रवास पर पहली बार आए केंद्रीय राज्य वाणिज्य एवं उद्योग तथा प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि समग्र विकास के लिए सभी विभागों के अधिकारी समन्वित दायित्व निभाएं। उन्होंने कहा कि जिले के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत व्यवस्था, कृषि, खनिज, वन और शहरी विकास सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की।

प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े कार्यों की समीक्षा की और विशेष रूप से केशकाल घाट की स्थिति का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि केशकाल घाट सड़क की मरम्मत को सुनिश्चित करें ताकि आम लोगों की यात्र सुरक्षित और सुगम हो। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल प्रदाय योजनाओं से जुडी समस्याओं को चिन्हित करें और उनका प्राथमिकता से समाधान करें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि आम नागरिकों को जल प्रदाय योजना से नियमित तौर पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रगतिरत योजनाओं को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सांसद बस्तर महेश कश्यप ने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से तकनीकी मापदंडों के अनुरूप सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान खनिज न्यास निधि के कार्यों सहित एक पेड़ मां के नाम, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं तथा नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के परिसीमन और शहरी आवास के निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों सहित पुलिस अधीक्षक श्री वाय. अक्षय कुमार तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




■ एनएच 30 में स्थित केशकाल घाट सड़क को तत्काल सुधार करने दिए निर्देश

### शेष आवासों को जल्द पूरा करें

प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने जिले की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि किसानों और अन्य नागरिकों को बिना किसी बाधा के नियमित रूप से बिजली मिलती रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और शेष आवासों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने दी जानकारी

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बैठक में जिले के विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी देते बताया कि जिले के कोंडागांव ब्लॉक के 77 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत सफलतापूर्वक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। मिशन के तहत जिले में 1,26,713 नल कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है,जिसमें से अब तक 98,427 कनेक्शन पूरे किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में 15,994 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 11,523 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

# महालक्ष्मी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस किया गया निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले के मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। अनियमितता मिलने पर महालक्ष्मी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है।

उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. आरके सिंह के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में कई मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। जिसमें शेड्यूल एच और नार्कोटिक दवाओं के खरीदी–बिक्री दस्तावेजों का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिले के माकड़ी ब्लाक अंतर्गत ग्राम बीजापुर स्थित महालक्ष्मी मेडिकल स्टोर पर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत आवश्यक दस्तावेजों के संधारण और दवाइयों के उचित रखरखाव में लापरवाही मिलने पर स्टोर के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। संचालक द्वारा दिए गए जवाब को असंतोषजनक मानते हुए औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने महालक्ष्मी मेडिकल स्टोर का ड्रग लाइसेंस आगामी एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस दौरान कोण्डागांव शहर के नेताम मेडिकल स्टोर और विश्रामपुरी स्थित मारूति मेडिकल स्टोर की भी जांच की गई। यहां पर्मिल लॉसन और एम्लिप एटी नामक दवाइयों के सैंपल संदेह के आधार पर राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए हैं। औषधि निरीक्षक सुखचैन सिंह धुर्वे के अनुसार जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है और समय–समय पर दवाइयों की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल परीक्षण के लिए भेजे जाते हैं।

### कुछ दवाओं की बिक्री पंजीकृत डॉक्टर की पर्ची पर ही करें

खाद्य एवं औषधि विभाग ने सभी मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को निर्देश दिया है कि वे अपने स्टोर्स पर दवाइयों से संबंधित सभी दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण करें। साथ ही शेड्यूल एच–1 और नार्कोटिक दवाइयों की बिक्री केवल पंजीकृत डॉक्टर के पर्ची पर ही करें। निरीक्षण के दौरान सभी मेडिकल स्टोर के मालिकों को दवाइयों के उचित तापमान में रखरखाव और सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# खण्डस्रोत समन्वयक ने बुनागाँव के स्कूलों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत सभी शालाओं में शिक्षा गुणवत्ता में कसावट लाने शिक्षा अधिकारीयों द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में संकुल केंद्र बुनागाँव के जनपद प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शाला बुनागाँव का विकासखंड स्रोत समन्वयक रामलाल नेताम के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लेने के साथ ही कक्षाओं में जाकर गणित विषय का अध्यापन कराया गया। उनके द्वारा भाग और गुणा के सवाल और बच्चों के हाजिर जवाबी से अधिकारी के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त किया गया। शिक्षकों के साथ शालाओं की गतिविधियों की चर्चा करने के साथ ही आवश्यक सभी पंजियो का निरीक्षण व संधारण, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, नवाचारी शिक्षा, नवाजतन के बारे में जानकारी लेने के साथ आवश्यक निर्देश दिए। खण्ड स्रोत समन्वयक के द्वारा शाला परिसर की साफ–सफाई, बेहतरीन प्रिंट रीच सजावट, टीएलएम निर्माण और शिक्षक सूरज नेताम के द्वारा किए जा रहे नवाचारी शिक्षकीय कार्यों की सराहना की।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान संकुल समन्वयक धरम देवांगन, शाला के शिक्षिका शकुंतला यादव, रोशनी साहू,रुपेश कल्लो, प्रदीप नाग उपस्थित रहे।



# शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटरु में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सरपंच और बड़े सियान मिलकर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

ग्राम पंचायत में उपस्थित लोगों ने ग्राम पंचायत के प्रमुख मुद्दों तथा ग्राम पंचायत योजना सहायता दल (जीपीपीएफटी) के बारे में तथा इसके कार्य वॉर्ड सभा, बाल सभा, महिला सभा कर पंचायत के प्रमुख समस्याओं को एकत्रित कर ग्राम सभा में चर्चा हुई। सभा में ग्राम पंचायत की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने की शपथ ली। इस दौरान सरपंच कुंवर सिंह मज्जी, उप सरपंच राहुल मारगोनी, सचिव बसंत वाचम, ग्राम प्रमुख, नीति आयोग के सहयोगी, संस्था भारत कॉलेबोरेटिव टीम पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर अरुण कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, महिला स्वसहायता समूह और सेवा निवृत्त शिक्षक और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम पर पंचायतों में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज को प्रकृति से जोड़ने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की। इस अभियान में पंचायत स्तर पर भी ग्रामीण अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। गुरुवार को जिले की ग्राम पंचायतों में पौधारोपण किया गया। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी की भागीदारी बनाने के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए पौधारोपण किया। पंचायत प्रतिनिधि, स्वसहायता समूह की महिलाओं, ग्राम पंचायत के कर्मचारी सहित वृद्ध एवं स्कूली बच्चों ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

## पेज 9 के शेष...

### घर वापस आईये अभियान...

स्व. छन्नू भोगाम उम्र लगभग 31 वर्ष निवासी दोरागुड़ा पटेलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर एवं ग्राम मार्जूम हुरापारा डीएकेएमएस सदस्य हिड़मा राम पोड़ियामी पिता स्व. बुधरा राम पोड़ियामी उम्र लगभग 16 वर्ष निवासी मार्जूम हुरापारा थाना कटेकल्याण जिला दन्तेवाड़ा ने आत्मसमर्पण किया। 22 अगस्त को पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ राकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेंट 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ अनिल कुमार प्रसाद समेत अन्य अधिकारियों के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किये। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपए की सहायता राशि के साथ अन्य सुविधायें मुहैया कराई जाएगी।

### भैरमगढ़ के दो...

प्रधानमंत्री से भी मुलाकात हुई उनका भाषण सुनने को मिला। जिसमें प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की बात कही। प्रेरणा कार्यक्रम एवं दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेने वाले जिले के पहले दो विद्यार्थी हुए, विद्यार्थियों में बहुत उत्साह देखने को मिला। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अरूण कुमार ने बताया कि दोनों विद्यार्थियों में प्रशिक्षण उपरांत काफी बदलाव देखने को मिला। बच्चे में उत्साह और आत्म विश्वास बढ़ा है। इस दौरान प्रभारी शिक्षिका आकांक्षा सिंह उपस्थित थीं।

### पैसेंजर व नाइट...

जा रही हैं। इस माह यह चौथा अवसर है जब इन गाड़ियों को रद्द करने की अवधि बढ़ाई गई है। वाल्टेयर रेलमंडल मुख्यालय से जारी सूचना में ट्रेनों का परिचालन दंतेवाड़ा के आगे नहीं करने का कारण किरंदुल में रेलवे यार्ड में रख रखाव कार्य जारी रहने और इस क्षेत्र में भारी वर्षा की संभावना को बताया गया है। बता दें कि पिछले दिनों किरंदुल में भारी बारिश से रेलवे साइडिंग को भी नुकसान पहुंचा है। जहां लगातार सुधार का काम चल रहा है।

### मां की चीख सुनकर...

को नीला होता देख जिला अस्पताल कोंडागांव ले गया जहां से उसे मेकाज रेफर कर दिया गया जहां उसकी उपचार के दौरान 22 अगस्त की सुबह मौत हो गई। किरण के मौत की खबर लगते ही परिजनों व गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मेकाज पुलिस द्वारा पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### कोंटा के पूर्व...

को डम्प किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को आंध्रप्रदेश के जेल में बंद पत्रकारों को रिहा कराने की दिशा में काम करना चाहिए, लेकिन इस दिशा में सरकार पहल नहीं कर रही है। दल में विधायक कवासी लखमा, विक्रम मंडावी, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी व अन्य सदस्यों को पूरे मामले की गम्भीरता से जांच करने के निर्देश पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने दिया था। दल के सदस्यगण को कोंटा और आंध्रप्रदेश भेजा गया था। जांच दल के 6 सदस्य कोंटा पहुंच अनेक लोगों का बयान लिया और आंध्रप्रदेश के राजमेन्द्री जेल जाकर पत्रकारों से मुलाकात कर घटना की बारीकी से अवगत हुए।

**पत्रकार समस्याओं को करते हैं उजागर: कवासी**-कवासी लखमा ने कहा कि बस्तर के चार पत्रकारों को सोची-समझी रणनीति के तहत फंसाया गया है। दक्षिण बस्तर के पत्रकार जिस जगह पर जनप्रतिनिधि नहीं पहुंच पाते, ऐसे जगहों पर पहुंचकर समस्या को उजागर करते हैं। ऐसे ही रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन के मामले को उजागर करने गए थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रशासन की भी मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की गाड़ी में गांजा डालकर आंध्रप्रदेश की पुलिस से पकड़वा कर प्रकरण बनाया और उन्हे जेल भेजने की साजिश रची। जांच टीम ने अवैध रूप से निकाले गए हजारों घन मीटर रेत के बारे में सुकमा प्रशासन से भी बात करने का प्रयास किया लेकिन खनिज विभाग व प्रशासन के अधिकारी सामने नही आए। पत्रवार्ता में चित्रकोट के पूर्व विधायक राजमन बेंजाम, क्रेडा के पूर्व अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार व अन्य कांग्रेसी सम्मलित थे।

**रिहाई तक कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी** - दोनों पूर्व मंत्रियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ से रेत चोरी कर अन्य प्रदेशों में भेजा जा रहा था और इसकी जानकारी सभी को थी। लेकिन किसी ने मामला नहीं उठाया और जब सबकी पोल खुलने वाली थी तब वहां के नेता, पुलिस और रेत माफिया ने उन्हें फंसा दिया है। प्रकरण में शामिल लोगों की काल डिटेल की जांच होनी चाहिए। जब तक चारों पत्रकारों को सरकार निशर्त रिहा नहीं करती है, तब तक कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

### कलेक्टर ने बस...

देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर यात्रा के दौरान मौजूद सहयोगी अधिकारी-कर्मचारी को सूचित करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने श्रद्धालुओं से चर्चा कर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी ली। भक्तों ने उत्साह के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को रामलला दर्शन योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। जिले के श्रद्धालुओं को बस के माध्यम से दुर्ग भेजा गया, दुर्ग रेलवे स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से अयोध्या के लिए रवाना होंगे।

**छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी ने 19 प्रकरणों पर की सुनवाई**

# सामाजिक बहिष्कार करने वालों ने आयोग के सामने मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा गुरुवार को कोण्डागांव कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई। आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में यह 270 वीं सुनवाई हुई एवं कोण्डागांव जिला स्तर में 7 वीं सुनवाई थी। इस अवसर उन्होंने मानसिक प्रताड़ना के 10 प्रकरणों सहित घरेलू हिंसा के एक प्रकरण, कार्यस्थल पर प्रताड़ना के 02 प्रकरणों, शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना का एक प्रकरण, शारीरिक शोषण एवं भरण पोषण का एक प्रकरण, भरण पोषण का एक प्रकरण, संपत्ति विवाद का एक प्रकरण और विविध के 02 प्रकरणों पर सुनवाई की गयी।

■ सामाजिक बहिष्कार के प्रकरणों में डीएसपी करेंगी कार्रवाई

**12 वर्षों तक लगातार सामाजिक तौर पर थी प्रताड़ित** – सुनवाई के दौरान एक प्रकरण को अतिगंभीर मानते हुए आवेदिका के आवेदन प्राप्ति के पश्चात 30 जुलाई 2024 को आयोग द्वारा रायपुर में सुनवाई की गई थी। उक्त प्रकरण में आज दूसरी सुनवाई नियत थी। सुनवाई के दौरान आवेदिका के फोटो को हल्बा सामाजिक वाट्सअप ग्रुप में वायरल करने तथा आवेदिका के शादी को रूकवाने का आरोप सामाजिक पदाधिकारियों तथा अनावेदकगणों पर था। जिसमें आयोग के अध्यक्ष द्वारा उभय पक्षों को सुनने के बाद सामाजिक पदाधिकारियों को सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए आवेदिका के शादी में उपस्थित होकर विवाह प्रमाण पत्र प्रदान करने का निर्णय किया गया। प्रकरण में आवेदिका लगभग 12 वर्षों तक लगातार सामाजिक तौर पर प्रताड़ित थी। अनावेदकगण द्वारा समाज की आड़ में आवेदिका का फोटो और घटनाक्रम को वायरल करने के कारण आवेदिका की निजता भंग का अपराध जो धारा 66 (ई) आईटी एक्ट के तहत 3 साल की सजा और 2 लाख से दण्डनीय था। वहीं एक अन्य प्रकरण में आवेदिका को समाज से बहिष्कृत किया गया और अब तक समाज में शामिल नहीं किया गया है। इस प्रकरण के अलावा मरार समाज में इस प्रकार के 4 और प्रकरणों को एक साथ सुनवाई कर निराकृत करने के लिए आयोग द्वारा डीएसपी लितेश सिंग के नेतृत्व में टीम गठन कर आगामी 9 सितम्बर 2024 को प्रकरण के निराकरण के लिए कोण्डागांव में जन सुनवाई आयोग के जनप्रतिधियों के माध्यम से करने के लिए निर्देशित किया गया है। जन सुनवाई में प्रकरण निराकृत नहीं होने की दशा में संबंधितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर आयोग को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।



**तीन नए प्रकरण भी आए**– आयोग अध्यक्ष द्वारा गुरुवार को कुल 19 प्रकरणों में कार्रवाई की गई तथा तीन नये प्रकरण प्राप्त हुए हैं। इस मौके पर आयोग अध्यक्ष द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए इस तरह के सामाजिक बहिष्कार के घटनाओं को असंवैधानिक एवं मानव अधिकार के विपरित बताते हुए जनजागरूकता निर्मित करने के लिए सहयोग की अपील भी की गई।

## खबर संक्षेप

### सहायता राशि स्वीकृत

**दंतेवाड़ा।** शासन के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्ति के परिवारजनों व घायलों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति किये जाने के प्रावधान के तहत तहसील भैरमगढ़ जिला बीजापुर मांझीपारा निवासी मृतक अनिता मरकाम के वैध दशरु मरकाम को 25 हजार रुपये की सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

### बाक्सिंग में विद्याज्योति के दो छात्रों का चयन



**जगदलपुर।** डब्लू बीसी एमेच्योर म्युथाई इंडिया नेशनल फेडरेशन इंडिया के द्वारा 30 अगस्त से 1 सितंबर तक देवी लाल इंडोर स्टेडियम पंचकूला चंडीगढ़ में आयोजित की गई प्रतियोगिता में विद्या ज्योति स्कूल के दो छात्र आरवी अवस्थी व प्रांजय यदु का चयन छत्तीसगढ़ म्युथाई बाक्सिंग टीम में किया गया हैं। जो अपनी कला का जोहर दिखाएंगे। दोनो खिलाड़ी कोच अब्दुल मोईन के मार्गदर्शन में जाएंगे। खिलाडियों का नेशनल स्तर पर चयन होने पर प्राचार्य फादर एंथोनी केवी ने सराहना की है।

### दोरनापाल के डीसी पहुंचे ईडी



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने सुकमा जिले के दोरनापाल वितरण केन्द्र में पहुंचे। वहां उन्होंने नियाद नेल्लानार योजना के तहत कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को कार्य सम्पादन के साथ सुरक्षा के प्रति उचित दिशा निर्देश दिए गए।

## निधन

### विनय पाठक

**जगदलपुर।** बैलाबाजार निवासी वरिष्ठ पत्रकार विनय पाठक (61) का बुधवार शाम निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरूवार की सुबह निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। इंद्रावती तट पर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग तथा पत्रकार शामिल थे। वे दो भाई, एक बेटी समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए।



### आदित्य सिंग ठाकुर

**जगदलपुर।** शहर के पवार हॉउस चौक निवासी साउंड सर्विस व्यवसायी आदित्य सिंग ठाकुर (30) का बुधवार की शाम हार्ट अटैक से निधन हो गया। निवास में तबियत बिगड़ने पर महारानी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी मृत्यु हो गई। गुरूवार की सुबह मुक्तिधाम में अंत्येष्ठि की गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग तथा शहरवासी शामिल हुए। मृतक व्यवसायी प्रफुल्ल ठाकुर तथा भाजपा नेत्री महेश्वरी ठाकुर का पुत्र था। वह माता, पिता, भाई समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए।



### बलौदाबाजार की घटना सरकार चाहती तो नहीं होती

# कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



कांग्रेस जिला कमेटी द्वारा गुरूवार को जिला मुख्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। जिसे संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बलौदाबाजार के मामले में भाजपा की साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने के लिए विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। यह विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है।

विधायक देवेन्द्र यादव बलौदाबाजार में न भाषण दिये और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुये। वे भीड़ में पांच मिनिट रूक कर वापस आ गये थे। कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है।

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि दक्षिण बस्तर के चार वरिष्ठ पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने की नियत से उनकी गाड़ी में गांजा रखा गया। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमे में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया। कांग्रेस, भाजपा सरकार के इस आतताई चरित्र से डरने वाली नहीं। इस प्रकार के कृत्यों से कांग्रेस कार्यकर्ता और मजबूती से सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भयावह घटना शासन-प्रशासन की बड़ी लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंस के फैल हो जाने के कारण हुई। समय रहते सरकार व प्रशासन सचेत हो जाता व समाज के द्वारा सीबीआई जांच की मांग को पूर्व में ही मान लेता, तो प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना से बचा जा सकता था। इस पूरी घटना के लिये प्रदेश की भाजपा सरकार दोषी है। लचर कानून व्यवस्था और प्रशासन की निरंकुशता व लापरवाही से बलौदाबाजार में सतनामी समाज के आंदोलन में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ हुई और इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया, जिसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह दोषी है।

इस दौरान लालू राठौर, शंकर कुडियम, कमलेश कारम, नीना रावतिया उद्दे, पुरुषोत्तम खत्री, जितेंद्र हेमला, सुनील उद्दे, राजेश जैन, इदरीस खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हेलमेट के उपयोग को लेकर यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं व उनसे होने वाली मौतों में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस ने अभियान छेड़ रखा है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में यातायात पुलिस के द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर के चौक-चौराहों पर बिना हेलमेट फर्राटे भरने वाले दो-पहिया वाहन चालकों को सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट की उपयोगिता एवं महत्व को लेकर जागरूकता का पाठ पढ़ाया। ताकि दुर्घटना होने पर भी होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सके। इस के लिए यातायात का अमला नगर में घूम कर बिना हेलमेट के वाहन चलाते विचरण करने वाले लगभग 120 दो पहिया वाहन चालकों एवं पीछे बैठे सवारी को उसकी आवश्यकता के बारे में गंभीरता पूर्वक जानकारी दिए। उप पुलिस अधीक्षक यातायात पर्यवेक्षण अधिकारी नसरउल्लाह सिद्दकी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के ग्राफ को कम करने व पुलिस मुख्यालय रायपुर (यातायात) से जारी दिशा निर्देशानुसार समय-समय पर यातायात पुलिस के द्वारा आमजनों के हित में इस प्रकार का अभियान चलाती रहती है, इसी क्रम में आज इस प्रकार की कार्यवाही की गई है। उन्होंने आम जनता से दो-पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट व चार-पहिया वाहन चलाने के समय सीटबेल्ट का उपयोग करने, यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने की समझाईश दी। इस कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी सउनि. जितेन्द्र त्रिपाठी, प्रआर. थानसिंह देशमुख, श्याम लाल राना, वेदप्रकाश, ललित बारला, विरेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

- **दो पहिया वाहन चालकों एवं पीछे बैठे सवारी को आवश्यकता के बारे में दी जानकारी**

# कुलपति से चर्चा के बाद विश्वविद्यालय कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दो दिन से श्रम सम्मान राशि की मांग करते हुए हड़ताल कर रहे शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में कर्मचारियों ने कुलपति व कुलसचिव से चर्चा उपरांत अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। इससे पूर्व दो दिन से कर्मचारी हड़ताल पर थे लेकिन चर्चा उपरांत अपनी दूसरे दिन अपनी हड़ताल समाप्त कर दी।

छग विश्वविद्यालय अनियमित कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मदन प्रधान ने बताया कि सभी विश्वविद्यालय कर्मचारी 20 अगस्त से श्रम सम्मान राशि दिए जाने को लेकर हडताल पर थे। इस विषय पर कुलपति व कुलसचिव से चर्चा की गई जिसमें कुलपति ने बताया कि श्रम सम्मान राशि के लिए उच्च अधिकारियों से पत्राचार किया गया है। उन्होंने सभी कर्मचारी को आश्वस्त करते हुए बताया कि इस सबधं में शासन से कोई भी पत्र प्राप्त होने पर कार्यवाही करने सहमति दिया गया है। कुलपति से मिले आश्वसन के बाद सभी कर्मचारियों ने 21 अगस्त को अपनी हड़ताल समाप्त करते हुए 22 अगस्त से कार्य में उपस्थित होने की बात कही है।

- **कुलपति ने कहा उच्च अधिकारियों से श्रम सम्मान राशि के लिए चल रही चर्चा**



# मोर्चा ने युक्तियुक्तकरण व आनलाइन अवकाश नियमों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला इकाई ने शिक्षकों एवं शालाओं के युक्तियुक्तकरण हेतु जारी निर्देशों का विरोध करते हुए युक्तियुक्तकरण की 14 सूत्रीय एवं आनलाईन अवकाश की अपनी दो मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि 2 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम व आनलाईन अवकाश नियम में संशोधन करने व शिक्षक एलबी संवर्ग के मुख्य मांगों के संबंध में विरोध दर्ज करते हुए मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव शिक्षा एवं संचालक लोक शिक्षक संचालनालय रायपुर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की है कि स्कूल शिक्षा विभाग के 2008 राजपत्र में प्रकाशित स्कूलों के सेटअप के आधार पर ही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया संचालित की जावें। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से पूर्व पदोन्नती की प्रक्रिया पूर्ण की जावें। प्रत्येक प्राथमिक व माध्यमिक शाला का स्वतंत्र अस्तित्व हो व प्रधान पाठक पद की समाप्ति न की जावे। पोटा केबिन के पदों को स्वीकृत किया जावे व आनलाईन अवकाश जैसी जटिल प्रक्रिया को बंद करते हुए पूर्व की व्यवस्थाओं को ही यथावत रखा जावें तथा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार किये जा रहे उल-जलुल प्रयोगों को बंद किया जावें। पदाधिकारियों ने बताया कि यदि मांगों पर शासन सकारात्मक निर्णय नहीं लेगी तो चरणवार आंदोलन जारी रहेगा। 23 से 28 अगस्त तक मंत्री, सांसद व विधायक को ज्ञापन देंगे। 9 सितम्बर को सभी जिला मुख्यालय में विशाल धरना, प्रदर्शन किया जाएगा। समयानुसार राजधानी में प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला इकाई दंतेवाड़ा के जिला संयोजक अशोक नाग, संतोष कुमार मिश्र एवं उदय शुक्ला समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# विश्व मच्छर दिवस पर लोगों को किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन पर जिला दंतेवाड़ा में विश्व मच्छर दिवस के उपलक्ष्य में आज जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें मलेरिया व फाइलेरिया के परजीवी उन्मूलन एवं डेंगू, चिकनगुनिया, जिका एवं जापानीज इन्सेफेलाइटिस वायरस के नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए प्रचार-प्रसार किया गया। जिसका उद्देश्य आमजन में मच्छरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया आदि के बारे में जानकारी देना और उनसे बचाव के बारे में समझाया गया। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम, नियंत्रण और समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देना एवं आस-पास साफ-सफाई रखना, गड्ढे में जलभराव को रोकने हेतु मिट्टी से ढंकने कहा गया। इस मौके पर मीडिया अधिकारी बीएस नेताम, विकास खण्ड कार्यक्रम प्रबन्धक, जीवन नाग, मलेरिया सलाहकार संजय मंडावी, भूपेंद्र साहू, हंस तात ठाकुर, ब्लॉक मितानिन समन्वयक, मितानिन ट्रेनर, स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# आरक्षण के विरोध में 12 घंटे जाम रहा राष्ट्रीय राजमार्ग



हरिभूमि न्यूज ⏭ किलेपाल

एसटी-एससी समुदाय द्वारा आरक्षण को लेकर बुधवार को बुलाये गये भारत बंद का बास्तानार ब्लॉक के किलेपाल में भी व्यापक असर देखने को मिला। इसके विरोध में आदिवासी समाज के लोगों ने 12 घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया था। सर्व आदिवासी समाज ने 21 अगस्त को बास्तानार ब्लॉक किलेपाल एनएच 63 में सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक सुप्रीम कोर्ट के लिए गए निर्णय के विरोध में चक्का जाम किया। कोया कुटमा समाज ब्लॉक अध्यक्ष बामन मंडावी ने कहा सुप्रीम कोर्ट में लिए गए निर्णय को सुप्रीम कोर्ट वापस ले। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधियों समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

- **सुप्रीम कोर्ट के लिए गए निर्णय के विरोध में किया चक्का जाम**



### आरक्षण में क्रीमीलेयर और सब कैटेगरी लागू करने विरोध में बंद रहा भानपुरी

**भानपुरी।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसटी-एससी आरक्षण में क्रीमीलेयर और सब कैटेगरी लागू करने के फैसले के विरोध में बुलाए गए भारत बंद का असर छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर में भी रहा। बस्तर ब्लॉक के भानपुरी सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र सोनारपाल, फरसागुड़ा, केशरपाल, जैबेल, मुण्डागांव सहित दर्जनों गांवों में बंद का व्यापक असर देखा गया। राजमार्ग में प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन करते हुए आवागमन को बंद कर दिया। सुबह से ही निजी दुकानें, छोटे गुमटी, होटल व व्यवसायिक प्रतिष्ठानें बंद रही। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा के तगड़े इंतेजाम किए गए थे। राजधानी से देर रात छुटी बसें ही तड़कें पहुंची। तत्पश्चात बसें दिन भर बंद रही। जो देर शाम फिर रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर चलने लगी।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा




कलेक्टर हरिस.एस ने गुरूवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन विभाग, सर्जिकल वार्ड, शिशु वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पोषण पुनर्वास केंद्र, गायनिक वार्ड, ओपीडी सहित एक्स-रे कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, पैथोलॉजी लैब का भ्रमण किया और यहां भर्ती मरीजों एवं संबंधित डॉक्टरों से मरीजों के इलाज के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। वार्डों में भर्ती मरीजों से रूबरू चर्चा कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधा के संबंध में जानकारी ली और मरीजों की बेहतर निगरानी और उपचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में चिकित्सक सहित अन्य स्टॉफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए मरीजों का समय पर उपचार करने तथा जिला चिकित्सालय में स्वच्छता एवं साफ-सफाई बनाए रखने और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर जिला अस्पताल परिसर में 20 बेड पोषण पुनर्वास केंद्र की गुणवत्ता एवं कक्ष के उपयोग का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान गुणवत्ताहीन शौचालय निर्माण, प्लास्टर, केंद्र की पोताई नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्था सुधार कर, केंद्र का नाम, भवन की पोताई कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. महेश सांडिया सहित अन्य चिकित्सकगण एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

- **स्वच्छता एवं साफ-सफाई बनाए रखने के दिए निर्देश**

# फैशन अफिनिटी मिसेज छत्तीसगढ़ के लिए राजकुमारी चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बस्तर संभाग के बीजापुर जिले से ताल्लुक रखने वाली राजकुमारी सपके का चयन फैशन अफिनिटी मिसेज छत्तीसगढ़ 2024 सीजन 5 के लिए हुआ है। राजकुमारी सपके वर्तमान में छत्तीसगढ़ महिला नगर सैनिक के रूप में नगर सेना कार्यालय बीजापुर में कार्यरत हैं। अपने क्षेत्र और सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।



राजकुमारी सपके उम्र 32, पति चिरंजीव सपके, बीजापुर के वार्ड क्रमांक 12 राउत पारा की निवासी हैं। उन्हें डांसिंग, एक्टिंग, ट्रेवलिंग और ग्रूमिंग का बहुत शौक है। बचपन से ही उनका सपना था कि वे फैशन-शो और मॉडलिंग में अपनी पहचान बनाएं, लेकिन पिछड़े जिले से होने के कारण उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। परिवार की जिम्मेदारी के साथ-साथ उनके इस संघर्ष की बदौलत वे आज फैशन इंडस्ट्री में अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हैं। राजकुमारी सपके अपने जॉब के साथ-साथ वीएलसीसी से ब्यूटीशियन कोर्स भी कर रही हैं। फैशन अफिनिटी का हिस्सा बनकर उन्होंने अपने सपने को पूरा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। उनका लक्ष्य है कि वे अपने क्षेत्र की उन महिलाओं की मदद करें, जिनमें प्रतिभा तो है लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच की आवश्यकता है।



## खबर संक्षेप

### शव वाहन चालक वेंकट का सम्मान



**जगदलपुर।** बस्तर चेंबर आफ कामर्स के शव वाहन (मुक्तिरथ) तथा एम्बुलेंस के चालक एम. वेंकट का सम्मान सिंधी समाज के द्वारा किया गया। बुधवार की रात सिंधी समाज भवन में आयोजित कार्यक्रम में सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मान कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें लगभग 12 साल से शव वाहन और एम्बुलेंस चलाने वाले चालक एम. वेंकट को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सिंधी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### मैत्री संघ विद्या निकेतन में शाला नायक, नायिका एवं हाउस लीडर बने



**जगदलपुर।** मैत्री संघ विद्या निकेतन में सोमवार को स्कूल का प्रतिनिधित्व करने के लिए शाला प्रमुख नायक, नायिका एवं हाउस लीडर का गठन किया गया। प्राचार्य ने चयनित छात्र-छात्राओं को शपथ दिला कर अपने कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों के साथ कार्य करने की समझाईश दी। प्राचार्य ने चयनित लीडर्स को पूरे ऊर्जा और उत्साह के साथ विद्यालय के कायोंर् को सक्रिय करने का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षिकाएं, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला आज

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 1 सितंबर से आरंभ होने वाले सदस्यता अभियान के जिलास्तरीय कार्यशाला 23 अगस्त को दोपहर 2 बजे भाजपा जिला कार्यालय में होगी। जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान की कार्यशाला में उपस्थित रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के लिये जिला संयोजक व सदस्यों की नियुक्ति की गई है। जिसमें जिला संयोजक का दायित्व योगेन्द्र पाण्डेय तथा सदस्य रामाश्रय सिंह, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, व्हीएस राजपूत एवं स्नेहलता बैस शामिल है।

### काव्य गोष्ठी शनिवार को

**जगदलपुर।** प्रकृति, पर्यावरण पर विचार काव्य गोष्ठी शनिवार को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय यूनानी औषधालय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण धरमपुरा में होगी।

## कार्यालय के बाहर जमीन पर बैठकर जताया विरोध और की नारेबाजी

# सीईओ के व्यवहार से आहत जिपं अध्यक्ष सहित सदस्यों ने किया सामान्य सभा का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक होने से पहले ही विवादों में आ गई। जिला पंचायत सीईओ के दुर्व्यवहार से आहत होकर जिला पंचायत अध्यक्ष व सभी सदस्यों ने सामान्य सभा का बहिष्कार कर दिया। इस बहिष्कार में सत्ता पक्ष के सदस्य भी शामिल रहे। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को बीजापुर में जिला पंचायत की सामान्य सभा आहूत की गई थी। महत्वपूर्ण बैठक में सभी सदस्य निर्धारित समय पर पहुंच चुके थे। किंतु सीईओ जिला पंचायत 12 बजकर 15 मिनट तक बैठक में उपस्थित नहीं हुए। सीईओ द्वारा बैठक की अवहेलना किये जाने को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़यिम, उपाध्यक्ष कमलेश कारम व सदस्यों ने सामान्य सभा का बहिष्कार कर कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिला पंचायत निधि, जिला पंचायत विकास निधि, 15 वें वित्त योजना और जनप्रतिनिधियों के मानदेय को जारी नहीं करने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। वही जिला पंचायत सदस्या जानकी कोरसा ने बताया कि क्षेत्र की समस्या को लेकर सभी जिला पंचायत सदस्य व चारों ब्लाकों के जनपद अध्यक्ष सहित जनपद सदस्य बैठक में पहुंचे थे। जानकी कोरसा ने सीईओ जिला पंचायत के रवैये और दुर्व्यवहार के चलते जिला पंचायत की सामान्य सभा का बहिष्कार किया गया। इधर बैठक के बहिष्कार को लेकर बीजापुर जिले में एक बार फिर से राजनीति गरमा गई हैं।

### सीईओ ने की बदसलूकी

जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य सदस्यों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपनी बातें रखी हैं। पत्र में सदस्यों ने आरोप लगाया है कि आवापल्ली क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य जानकी कोरसा क्षेत्र की मांगों को लेकर सीईओ के पास गई थी। जहां सीईओ ने उनसे बदसलूकी की और उनसे अपने मर्जी से काम करने की बात कही गई।



### बदसलूकी का आरोप गलत

विकास निधि की राशि प्रक्रिया और नियम के तहत जारी की जाती है। जिला पंचायत सदस्य से बदसलूकी का आरोप गलत है।
**रमेश नंदनवार**, सीईओ जिला पंचायत बीजापुर

# डाकघर में शुरू दीन दयाल स्पर्श फिलाटेली स्कालरशिप योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय डाक विभाग के द्वारा दीन दयाल स्पर्श फिलाटेली स्कालरशिप योजना प्रारम्भ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रावधान रखे गए है, जिसमें से मान्यता प्राप्त विद्यालयो के कक्षा 6 वीं से 9 वीं के विद्यार्थियों को शामिल किया जा सकता है। छात्रवृति की राशि विद्यार्थियों को पात्रता की शर्तें पूरी करने तथा चयन प्रक्रिया में सफल होने पर प्रदान की जाएगी। छात्रवृति की राशि 500 रूपए प्रतिमाह की दर से 6000 रूपए प्रतिवर्ष होगा। छात्रवृति के लिए चयन एक वर्ष के लिए किया जाएगा। उम्मीदवार भारत में मान्यताप्राप्त विद्यालय का विद्यार्थी होना चाहिए। सम्बंधित विद्यालय का फिलाटेली क्लब होना चाहिए और उम्मीदवार क्लब का सदस्य होना चाहिए। यदि विद्यालय में फिलाटेली क्लब नहीं है तो उस विद्यालय के ऐसे विद्यार्थी जिसका अपना फिलाटेली जमा खाता है के नाम पर भी विचार किया जा सकता है। उम्मीदवार का शैक्षणिक रिकार्ड अच्छा होना चाहिए। विगत अंतिम परीक्षा में कम से कम 60 फीसदी अंक अथवा समकक्ष अंक प्राप्त किया गया हो। अनुसूचित जाति, जनजाति के उम्मीदवारो को 5 फीसदी की छूट दी जाएगी।

- अजा, जजा के उम्मीदवारों को 5 फीसदी की छूट

### आवेदन जिला मुख्यालय में

अधीक्षक डाकघर आरपी वर्मा ने बताया कि योजना का आवेदन बस्तर संभाग के सभी जिला मुख्यालय में दे सकते हैं, जिसमें से प्रधान डाकघर जगदलपुर, कांकेर एवं उप डाकघर दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कोंडागांव, नारायणपुर में शामिल है।

# युक्तियुक्तकरण से पहले पदोन्नति और स्थानांतरण हो : मानिकपुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के विरोध में प्रदेश के शिक्षक संगठन लगातार सरकार की खामियों को उजागर कर रहे हैं। सरकार पहले शिक्षकों को पदोन्नति दे, उनके स्थानांतरण का रास्ता साफ करे। यदि सरकार पहले युक्तियुक्तकरण करती है तो जो नियम बनाये गए हैं उसके अनुसार शाला में पूर्व से पदस्थ शिक्षक अतिशेष हो जाएंगे। जो कि किसी भी दृष्टि से व्यवहारिक नहीं है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संगठन ऐसे अव्यवहारिक नियमों का कड़ा विरोध करेगा। कोषाध्यक्ष मनीष अहीर का कहना है कि जो शिक्षक अन्य जिले में हैं वह स्वेच्छा से अपने गृह जिले के किसी भी एकल शिक्षकीय या शिक्षक विहीन स्कूलों में जाने के लिए तैयार हैं उसे सेटअप अनुरूप पदस्थ कर देना चाहिए, पर विभाग उन्हें उनका हक देने के बजाय युक्तियुक्तकरण के बहाने अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। जिला सचिव नीलमणी साहू ने कहा कि सरकार चाहे तो एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन स्कूलों की सूची जारी कर दें और जो भी शिक्षक स्वेच्छा से वहां जाना चाहते हैं उन्हें पदस्थ कर दे। पदोन्नति और स्थानांतरण से व्यवस्था अपने आप सुधर जाएगी।

- शिक्षकों के समर्थन में आगे आया अधिकारी कर्मचारी संघ

### खामियों से नेताओं को अवगत कराएंगे

संरक्षक राजेश गुप्ता ने कहा कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में खामियों समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया जायेगा।

# बीजेपी की विचारधारा को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना लक्ष्य : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक 23 अगस्त को बस्तर प्रवास पर रहेंगे। वे भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान कार्यशाला में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह सब कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और संघर्ष के कारण हो पा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पार्टी की सदस्य संख्या में वृद्धि करना है बल्कि प्रदेश व देश के विकास में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। बीजेपी की विचारधारा को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना हम सभी का लक्ष्य है। आमजनों को पूर्ण विश्वास है कि देश में राजनीतिक स्थिरता के लिए भारतीय जनता पार्टी आवश्यक है। भाजपा मूल्यों व आदशोंर् की राजनीति करने वाला एकमात्र दल है कार्यकर्ताओं के लिए देश प्रथम है।

### 2 करोड़ 25 लाख की लागत से बनेगा उच्च स्तरीय पुल

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के विकासखंड उसूर में तर्रेम से चिन्नागेल्लूर मार्ग पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 2 करोड़ 25 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी हो चुका है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पुल का निर्माण किया जाएगा। वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल तर्रेम से चिन्नागेल्लूर मार्ग के किमी. 5/8 पर तोया नाला पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होगा।

## अनुपस्थित होने से सहायक ग्रेड की होगी सेवा समाप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर वन मंडल में पदस्थ दीपक क्षत्रिय सहायक ग्रेड-3 के अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के संबंध में सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जा रही है। डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि शासन सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा) मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र द्वारा अनाधिकृत अनुपस्थित या कर्तव्य विमुख शासकीय सेवकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के संबंध में प्राप्त निर्देश के तहत बस्तर वनमंडल जगदलपुर में पदस्थ दीपक क्षत्रिय सहायक ग्रेड-3 काष्ठागार लिपिक सरगीपाल के 12 मई 2023 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु बस्तर वनमंडल द्वारा 6 बार एवं काष्ठागार अधिकारी सरगीपाल के द्वारा 13 बार उपस्थित होने हेतु पत्र जारी किया गया। इसके बाद भी कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होने पर उनके विरूद्ध आरोप पत्र जारी किया गया। वन मंडलाधिकारी द्वारा 446 दिवस को शासकीय सेवा में व्यवधान मानते हुए श्री क्षत्रिय की सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई।

# 9 परीक्षा केंद्रों में 25 को होगी व्यापमं की भर्ती परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 25 अगस्त को सुबह 10 बजे से मध्यान्ह 12.15 बजे तक प्रथम पाली में प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा तथा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक द्वितीय पाली में प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा जगदलपुर शहर के 9 केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। जिसके तहत परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 3 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1704 शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1705 शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांति नगर जगदलपुर और परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1706 शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक-2 राजेन्द्र नगर वार्ड गीदम रोड जगदलपुर में दोनों पाली में भर्ती परीक्षा होगी। वहीं परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1707 स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुरा स्पोर्टस काम्पलेक्स केम्पस धरमपुरा, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1708 स्वामी विवेकानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अग्रसेन चौक संजय मार्केट रोड तथा परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1709 स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रेलवे कॉलोनी जगदलपुर में केवल द्वितीय पाली में प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा होगी।

भर्ती परीक्षा के सुचारू आयोजन के लिए डिप्टी कलेक्टर मायानंद चन्द्रा को नोडल अधिकारी तथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख ब्रजभूषण देवांगन को सहायक नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा डॉ. अनिल श्रीवास्तव को समन्वयक नियुक्त द्वारा किया गया है। उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है।



# विंग कमांडर ने सक्सेस कान्वेंट के हेड बॉय और हेड गर्ल को प्रदान किया बैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सक्सेस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को छात्र परिषद का शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विंग कमांडर सेवानिवृत्त जेपी पात्रों तथा कर्नल सेवानिवृत्त अक्षय कुमार कर थे। समारोह का आरंभ हेड बॉय आदित्य सिन्हा, हेड गर्ल वन्या ठाकुर तथा शाला के चारों सदनों के नायक सावन किंडो, सानिया बानो, राजवीर बिसोई, लवली पाणीग्राही, हिमांशु जोशी, गुरुशरण कौर, आदित्य गुप्ता तथा ऋषिका त्रिपाठी को सैश पहनाकर बैच प्रदान की गई। साथ ही समस्त कक्षा के कक्षा नायकों को भी मुख्य अतिथि के द्वारा बैच प्रदान की गई। छात्र परिषद के पदाधिकारी को विंग कमांडर ने कर्तव्य की शपथ दिलाई। प्राचार्य निलोत्पल दत्त ने छात्र नायकों को शुभकामनाएं देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शपथ ग्रहण में उप प्राचार्य अर्चना गौतम, भारतीय सेना से सेवानिवृत विजय झा, अर्जुन पांडे, अभिजीत महतो, सोनू कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश शुक्ला की उपस्थिति रही। समापन रंग बिरंगी गुब्बारे के उड़ान के पश्चात राष्ट्रगीत के साथ संपन्न हुआ।

## जनता कांग्रेस जे ने जांच दल बनाया अध्यक्ष टंकेश्वर भारद्वाज

**जगदलपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के अनुशंसा पर बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने बस्तर के निर्दोष पत्रकारों के खिलाफ साजिश की पड़ताल के लिए 11 सदस्यीय जांच दल गठित किया है। जांच दल के अध्यक्ष पूर्व संभागीय अध्यक्ष टंकेश्वर भारद्वाज और सदस्य में बीजापुर के जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी, सुकमा जिला अध्यक्ष प्रसाद राजू ,संभागीय सचिव सुकमा अशोक गानडवी, युवा प्रकोष्ठ संभागीय अध्यक्ष संतोष सिंह, दंतेवाड़ा जिला पूर्व उपाध्यक्ष रामनाथ नेगी शामिल हैं। दंतेवाड़ा जिला कार्यकारिणी सदस्य में रेमो मरकाम, दंतेवाड़ा विधानसभा प्रत्याशी बेला तेलाम, बस्तर विधानसभा अध्यक्ष नीलांबर भद्रे, कोंडागांव विधानसभा पूर्व प्रत्याशी शंकर नेताम, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी उदय भंडारी, पूर्व कोंडागांव जिला अध्यक्ष भारत कौशिक, प्रदेश सचिव भुवनेश्वर नाग शामिल है।

## सिंधी समाज का थदड़ी पर्व 25 को

**जगदलपुर।** सिंधी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि समाज थदड़ी पर्व धूमधाम से मनाएगा। रक्षाबंधन के आठवें दिन इस पर्व को सिंधी समुदाय हर्षोल्लास से मनाता है। इस दिन ठंडा खाना खाया जाता है। सुहिणी सोच महिला विंग की अध्यक्षा नीलम बसन्तवानी ने बताया कि थदड़ी त्योहार के एक दिन पहले हर परिवार में तरह-तरह के व्यंजन कूपड़, गच, कोकी, सूखी तली हुई सब्जियां, भिंडी, करेला, आलू, रायता, दही-बड़े, मक्खन बनाए जाते हैं। रात को सोने से पूर्व चूल्हे पर जल छिड़क कर हाथ जोड़कर पूजा की जाती है। इस तरह चूल्हा ठंडा किया जाता है। सचिव हरेश नागवानी ने बताया थदड़ी दिवस पर घरों में चूल्हा नहीं जलता है एवं एक दिन पहले बनाया ठंडा खाना खाया जाता है। इसके पहले परिवार के सभी सदस्य नदी, नहर, कुएं या बावड़ी पर इकट्ठे होते हैं वहां मां शीतला देवी की विधिवत पूजा की जाती है। इसके बाद बड़ों से आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया जाता है। सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी सुनील नानकानी व सदस्या चंद्रा देवी नवतानी ने बताया कि थदड़ी दिवस में घर के बड़े बुजुर्ग सदस्यों द्वारा घर के सभी छोटे सदस्यों को भेंट स्वरूप कुछ न कुछ दिया जाता है।

## नगरनार की टीम ने लालबाग को 6-2 व करनपुर को 8 गोल से की पराजित

# मजबूत मानी जा रही वायएफसी लालबाग व करनपुर को नगरनार ने दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में आयोजित सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफक ट्रॉफी फुटबॉल स्पर्धा में गुरूवार को हुए पहले मुकाबले में मजबूत मानी जा रही वायएफसी लालबाग को एससी नगरनार ने 2 के मुकाबले 6 गोल से पराजित किया। वहीं दूसरे मुकाबले में नगरनार एनवायसी ने करनपुर फुटबाल क्लब को एकतरफा मुकाबले में 8 गोल से पराजित किया जबकि करनपुर की टीम अपना खाता तक नहीं खोल पाई।

- आज भेजापदर विरूद्ध उपनपाल व यंग स्टार विरूद्ध मदर टेरेसा के बीच होगा मुकाबला

स्पर्धा के दसवें दिन खेले वायएफसी लालबाग व एससी नगरनार के बीच हुए पहले मुकाबले में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अब तक के हुए मुकाबले के बाद मजबूत मानी जा रही लालबाग को कड़ी शिकस्त दी। नगरनार की ओर से जर्सी नम्बर 9 आदित्य ने पेनाल्टी शूट आउट से मैच के 17 वें मिनट में तथा 30 वें 37 वें व 70 वें मिनट में अपनी टीम के लिए चार गोल किए। वहीं जर्सी नम्बर 5 शुभम ने 23 वें मिनट, जर्सी नम्बर 12 संतोष ने मैच के 35 वें मिनट में अपनी टीम के लिए गोल किया। इसके जवाब में लालबाग की ओर से जर्सी नम्बर 7 सागर ने 45 वें मिनट व जर्सी नम्बर 5 शुभग ने 61 वें मिनट में अपनी टीम के लिए दो गोल किए। इस मुकाबले को एससी नगरनार ने 2 के मुकाबले 6 गोल से जीत दर्ज की। इस मैच में मुख्य निर्णायक संथान अग्रवाल के अलावा अगेन्द्र नाग, अलिशा कश्यप व विश्वजीत भट्टाचार्य रहे। स्पर्धा का 20 वां मुकाबला एनवायसी नगरनार विरूद्ध करनपुर फुटबाल क्लब के मध्य खेला गया। यह मैच पुरी तरह एकतरफा रहा जिसमें करनपुर को एनवायसी नगरनार की टीम ने 8 गोल से जीत दर्ज की जबकि करनपुर के खिलाड़ी खाता तक नहीं खोल सके। एनवायसी नगरनार की ओर से जर्सी नम्बर 9 मानसिंग ने 9, 19, 31, 39 व 45 वें मिनट में अपनी टीम के लिए पांच गोल किए। वहीं जर्सी नम्बर 5 हेमनाथ ने 15 वें व 46 वें मिनट में दो गोल तथा जर्सी नम्बर 7 खगपति ने 66 वें मिनट में एक गोल किया। इसके जवाब में निर्धारित समय तक करनपुर की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। इस मुकाबले के मुख्य निर्णायक विक्की पोडाल, सुमीत नाग, अनीष खरे व अमिषा कुहरामी रहे।



### लालबाग टीम के कोच पर दो मैच का प्रतिबंध

गुरूवार को खेले गए पहले मुकाबले के बाद मैच कमिश्नर रूपक मुखर्जी से अभद्र व्यवहार करने का खामियाजा वायएफसी लालबाग टीम के कोच व खिलाड़ी का मंहगा पड़ गया। लालबाग टीम के कोच को दो मैच खेलने व टेक्निकल एरिया में बैठने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मैच कमिश्नर ने बताया कि स्पर्धा नियमानुसार कराई जा रही है बावजूद इस तरह का अभद्र व्यवहार किसी का भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्पर्धा में का शुक्रवार को दो मैच खेले जाएगें। पहला मुकाबला भेजापदर फुटबाल क्लब विरूध उपनपाल फुटबाल क्लब के बीच होगा जबकि दूसरा मुकाबला शाम 4 बजे से यंग स्टार विरूद्ध मदर टेरेसा के मध्य खेला जाएगा।

